जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन

ہمارا وطن ہفت روزہ

देश का अपना अखबार
संस्थापित 1965

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 61 अंक-47 जयपुर, सोमवार, 15 दिसम्बर, 2025 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4



## पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने किया तुलसी शोभायात्रा के पोस्टर का विमोचन

### 25 दिसंबर को मनाया जाएगा तुलसी दिवस

**जयपुर (हमारा वतन)**

पिछले वर्ष की तरह इस बार भी चौमूं शहर में सर्व समाज जाग्रति संघ और ब्रजवासी गौरक्षक सेवा के बैनर तले 25 दिसंबर को तुलसी दिवस पर विशाल तुलसी शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा । चौमूं विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने अपने कार्यालय पर तुलसी शोभायात्रा के पोस्टर का विमोचन किया और आयोजकों को कार्यक्रम की अग्रिम शुभकामनाएं दी ।

वहीं रेलवे स्टेशन स्थित संतोषी माता मंदिर में महंत बालक दास महाराज के कर कमलों से भी तुलसी शोभायात्रा के पोस्टर का विमोचन किया गया । सर्व समाज जाग्रति संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुरेश चंद शर्मा ने बताया कि 25 दिसंबर को लोग क्रिसमस डे मनाते हैं जो कि पाश्चात्य संस्कृति का प्रतीक है । हमारे देश में 25 दिसंबर को सभी देशवासी तुलसी दिवस मनाएं इसी को लेकर पूरे साल भर हर महीने की 25 तारीख को तुलसी की शोभायात्रा निकालते हैं । साथ ही गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करवाने के लिए लोगों को जागरुक कर रहे हैं। राज्य और केंद्र सरकार से इसकी मांग कर रहे हैं । जिला अध्यक्ष आचार्य पंडित रामस्वरूप शर्मा ने बताया कि 25 दिसंबर को प्रातः 11 बजे रेलवे स्टेशन रोड, श्याम नगर स्थित श्याम मंदिर से तुलसी शोभायात्रा का शुभारंभ होगा । सभी महिलाएं अपने सिर पर तुलसी के गमले लेकर चलेगी । साथ ही पुरुष भी गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करवाने के बैनर लेकर चलेंगे । शोभायात्रा में कई संत महात्मा मौजूद रहेंगे । शोभायात्रा सुभाष सर्किल, धोली मंडी, थाना मोड होते हुए राजविलास गार्डन पहुंचेगी। शोभायात्रा में शामिल सभी धर्मावलंबियों को निःशुल्क भोजन प्रसादी के बाद विसर्जन होगा । पोस्टर विमोचन के दौरान अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य,अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ शिक्षा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम मनोहर शर्मा, अजय शर्मा, राम गोपाल शर्मा, शिक्षाविद हजारीलाल शर्मा, मेघराज शर्मा, समाजसेवी कैलाश तिवाडी, महेश शर्मा, अंबालाल शर्मा, घनश्याम तिवारी, सुभाष शर्मा, हरिनारायण शर्मा, अमित तिवारी, महंत सीताराम शर्मा, पूर्व विप्र गोड समाज अध्यक्ष नाथू लाल शर्मा, रामावतार शर्मा, मोहित शर्मा, बाबूलाल जांगिड़, बसंत लालानी, सुंदर सैनी सहित मातृशक्ति भी मौजूद रही ।

## रथ यात्रा राजस्थान के विकास, सुशासन और जनसेवा की नई यात्रा का प्रतीक-रामलाल शर्मा

**चौमूं (हमारा वतन)।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र चौमूं के कार्यकर्ताओं की मीटिंग का आयोजन सुभाष सर्किल स्थित कार्यालय पर किया गया। मीटिंग का आयोजन राज्य सरकार के दो साल पूर्ण होने पर सरकार द्वारा करवाए गए विकास कार्यों को लेकर किया गया। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सुशासन दिवस सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत बदलता राजस्थान बढ़ता राजस्थान रथ यात्रा केवल कार्यक्रम नही है बल्कि राजस्थान के विकास, सुशासन और जनसेवा की नई यात्रा का प्रतीक है। इस दौरान उन्होंने रथ यात्रा का विधानसभा क्षेत्र में होने वाले आयोजनों की जानकारी कार्यकर्ताओं को दी और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी। रथ यात्रा कार्यक्रम के जिला संयोजक मुकेश चोपड़ा, विधानसभा



संयोजक अर्जुन यादव और सह संयोजक आलोक जांगिड़ को नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर भाजपा कालाडेरा मंडल अध्यक्ष लालचंद यादव, गोविंदगढ़ मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल सैनी सहित भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दी बार एसोसिएशन चौमूं के चरण सिंह जाट बने अध्यक्ष

**चौमूं (हमारा वतन)।** दी बार एसोसिएशन चौमूं के चुनाव सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक संपन्न कराए गए। जिसमें 491 मतदाताओं में से 481 मतदाताओं ने अपने मत का उपयोग किया। मतगणना 3 बजे से प्रारंभ की गयी । इस दौरान चरण सिंह जाट ने प्रतिद्वंदी से 32 वोटों से विजय प्राप्त की और दूसरे नंबर पर महेंद्र कुमार सैनी रहे और तीसरे नंबर पर राजेंद्र कुमार शर्मा रहे। मुख्य चुनाव



अधिकारी सुरेश कुमार चौधरी, विनोद कुमार शर्मा, नानू सिंह शेखावत एवं सहायक चुनाव अधिकारी संदीप पारीक एवं प्रवीण तंवर ने बताया कि उपाध्यक्ष पद पर पुरुषोत्तम यादव ने अपने प्रतिद्वंदी राजेंद्र कुमार मीणा को 169 वोटों से हराया, महासचिव पद पर मुकेश कुमार अग्रवाल ने कुंज बिहारी कुमावत को 13 वोटों से हराया, कोषाध्यक्ष पर अजय सिंह शेखावत ने बनवारी लाल जाट को 67 वोटों से हराया, सांस्कृतिक सचिव पर प्रियंका कुमारी यादव ने गणेश जाट को 173 मतों से हराया।

## विराज फाउंडेशन ने तुलसी नगर भ्रमण कार्यक्रम को लेकर दिया गणेशजी को निमंत्रण



**चौमूं (हमारा वतन)।** विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में आगामी 25 दिसंबर गुरुवार को आयोजित होने वाले तुलसी दिवस के उपलक्ष्य में होने वाले तुलसी नगर भ्रमण कार्यक्रम हेतु विघ्नहर्ता श्री गणेश जी को निमंत्रण दिया गया। निमंत्रण फाउंडेशन के प्रदेश संरक्षक डॉ. ओमप्रकाश शर्मा के पावन सानिध्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान पंडित अरुण कुमार शर्मा, पंडित ईश्वर दास शर्मा, पंडित कैप्टन श्रीराम शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार किया और कार्यक्रम की निर्विघ्न सम्पन्नता हेतु प्रार्थना की। प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाड़ी ने बताया कि इस वर्ष तुलसी नगर भ्रमण यात्रा पूर्ण शाही लवाजमे, पारंपरिक ध्वज, ढोल-नगाड़ों, शंखध्वनि तथा भव्य स्वागत के साथ निकाली जाएगी। विराज फाउंडेशन ने नगरवासियों से अपील की कि वे इस पावन आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर तुलसी दिवस को सफल बनाएं और संस्कृति, पर्यावरण व सामाजिक समरसता का संदेश जन-जन तक पहुँचाएं।

इस दौरान प्रदेश महासचिव बनवारीलाल शर्मा, राधेश्याम शर्मा, ओमप्रकाश रीडर, चंद्रप्रकाश शर्मा, नारायणलाल शर्मा, डॉ. पवन कुमार तिवाड़ी. डॉ. एम.के. अग्रवाल, डॉ. सी.एम. सैनी, डॉ. सीताराम कुमावत, नरेंद्र सिंह सोलंकी, मुकेश लालानी, नरेंद्र शर्मा, पेंशनर मंच अध्यक्ष राधेश्याम यादव, मदनलाल तिवाड़ी, रामपाल कुमावत, शिक्षाविद हजारीलाल शर्मा, समाजसेवी कैलाश तिवाड़ी, राजेश महेश्वरी, श्रीराम बटवाल, सुशील धाकड़, पुजारी दीपक शर्मा, दयाशंकर सैन, महेंद्र खटोड़, शशिकांत शर्मा, शिम्भु गरेड़, प्रकाश देवी शर्मा, राजकुमारी सैन सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ जयपुर

Khadi India



खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2025-26

राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, बजाज नगर, जयपुर

(राजस्थान की प्रमाणित खादी एवं ग्रामोद्योग संस्थाओं का मध्यवर्ती संगठन)

प्रदर्शनी 20 नवम्बर 2025 से प्रारंभ

प्रवेश निःशुल्क

समय दोपहर 12 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक

पार्किंग निःशुल्क

50% की छूट प्रान्तीय उत्पादित खादी वस्त्रों पर

पर प्रान्तीय उत्पादित खादी वस्त्रों पर 25% की छूट

प्रदर्शनी स्थल: राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, बजाज नगर, गांधी नगर रेलवे स्टेशन के सामने, जयपुर

(खादी और ग्रामोद्योग आयोग भारत सरकार, द्वारा प्रसारित)

## माँ - बेटी एक दूजे का अभिमान (कविता)

मेरे आंगन की किलकारी वो,
मेरी लाडली राजकुमारी वो,बड़े
लाड प्यार से पाला उसको, अपने
हाथों से खिलाया हर निवाला
उसको, हाथ थामे थामे चली
उसके संग, जब रखा उसने पहला
कदम तब भी थी मैं उसके संग,
देखती थी अपनी परछाई उसमें,
खुद से मेरी पहचान जो कराई
उसने, डरती थी नोच ना डाले
दरिंदे उसको, छुपाए रखती थी कि
नजर भर भी ना देखे कोई उसको,
वो पल पल बड़ी हुए जा रही, मेरी
ज़िंदगी की हकीकत उसमें दिखाई
दे रही, तब समझ आया पर देना
जरूरी है इसको, मैं तो रही
खामोश मगर आवाज देना जरूरी
है इसको, पढ़ना लिखना काफ़ी
नहीं, बस किताबी ज्ञान ही काफ़ी
नहीं, जानना होगा इसे बाहरी
दुनियां को, पहचानना होगा अपनी
काबिलियत को,कर विचार उसे
आगे बढ़ने के लिए दिशा दे दी,
उसके फिक्र की जिम्मेदारी भी
क़िस्मत पर छोड़ दी, माँ हूं ना
उसकी बलाएं ले सफलता की
दुआएं दे दी, आँखें नम थी मगर
मुस्कुराहट की सौगात साथ दे दी,
कहा, हारना मत चाहे जीत हो या
हार, लड़ते रहना लड़ाई होने देना
चाहे आर या पार, मुट्ठी पर हौसला
देकर उड़ान उसे खुद भरने छोड़
दी, कठोर कलेजे से उसे गले लगा
डर को अपने हिम्मत में बदल दी,
उसका जाना जरूरी था, उसका
बेहतर बनना जरूरी था, हर कोई
दे दे ताना, मैं तो माँ हूँ,मेरा हौसला
देना जरूरी था, आज सफल है वो
अथक प्रयासों से अपने, पराए भी
आकर कहते हम भी तो है तुम्हारे
अपने, बेटी ने मेरी मेरे हर चुप्पी
का जवाब दे दिया, वास्तव में
कौन हूं मैं इससे मुझे रूबरू करवा
दिया, उसकी सफलता उसकी
पहचान ही नहीं, बल्कि उसका
संघर्ष भी उसकी पहचान है, मैं तो
कहती थी मेरी बेटी मेरा अभिमान
है, मगर वो रूआब से कहती मेरी
मां पर मुझे गुमान है, मेरी मां पर
मुझे गुमान है।।

**योगेश किराडू, बीकानेर, राजस्थान**

# डॉक्टर चन्द्रशेखर शर्मा को मिला अटल सार्क गौरव अवार्ड

**जयपुर (हमारा वतन)**

रोटरी क्लब सभागार जयपुर में आयोजित वैश्विक शांति समरसता सम्मेलन में डॉक्टर चन्द्रशेखर शर्मा को अटल सार्क गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया । सम्मेलन की शुरूआत प्रदेशाध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा, राजस्थान, विधि एवं ज्योतिष विशेषज्ञ डॉ. चन्द्र शेखर शर्मा के कर कमलों से दीप प्रज्ज्वलन करके भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और मंच के संस्थापक महावीर प्रसाद टोरड़ी के चित्रों पर पुष्पांजलि कर किया । वैश्विक शांति समरसता सम्मेलन में डॉ.चन्द्र शेखर शर्मा को न्याय मूर्ति परमानन्द झा प्रथम उपराष्ट्रपति नेपाल सरकार के संरक्षण और मुख्य अतिथि न्याय मूर्ति एस एन भार्गव, पूर्व राज्यपाल एवं मुख्य न्यायाधीश सिक्किम उच्च न्यायालय, समारोह के अध्यक्ष डॉ. हुकुम चंद गणेशिया, चांसलर रोमा इंटरनेशनल कल्चर यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली और केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के विशिष्ट सलाहकार निर्मल जैन ने शॉल ओढ़ाकर, साफा पहनाकर अटल सार्क गौरव अवार्ड और अभिनन्दन-पत्र देकर सम्मानित किया।

वहीं समाजसेवी,गीतकार, वैदिक हवन पूजन कार्य में दक्ष होने के साथ-साथ हिन्दुओं को सदैव एकजुट करने वाले अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव शर्मा को भी शॉल, साफा पहनाकर अटल अभिनन्दन-पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।


कार्यक्रम का संचालन डॉ. एन के पाण्डेय और नेपाल हाईकोर्ट एवं राजस्थान हाईकोर्ट के एडवोकेट् डॉक्टर कुलदीप शर्मा ने प्रतिभाओं को सम्मानित करते समय प्रत्येक प्रतिभा का गर्मजोशी के साथ उसकी विशिष्ट योग्यताओं, सक्रियता, समाज और देश के प्रति समर्पण भाव, विविध क्षेत्रों में योगदान का संक्षिप्त विवरण देते हुए सम्मानित कराया। ओजस्वी वक्ताओं के रूप में कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शतायु पार पं. रामकिशन शर्मा (पूर्व सांसद भरतपुर), पूर्व चीफ सेक्रेटरी निरंजन आर्य, प्रदीप, गोपाल, डॉ. कुलदीप,योगेन्द्र कुमारआदि के ओजस्वी विचारों ने मंच को ऊंचाईयां प्रदान की । पंजाब, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान प्रान्तों से 51 चयनित प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।



**वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव शर्मा का भी हुआ सम्मान**

# जेसीएस की 'आनंद एक एहसास' संगीत संध्या 15 मार्च को

**जयपुर (हमारा वतन)।** गुलाबी नगर जयपुर की सामाजिक और सांस्कृतिक समिति जयपुर कल्चर सोसायटी द्वारा लगातार प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं । इसी कड़ी में 15 मार्च 2026 को आनंद एक एहसास-सीजन 8 संगीत संध्या का आयोजन किया जाएगा । जयपुर कल्चरल सोसायटी की अध्यक्ष और कार्यक्रम आयोजक कंचन आनंद ने बताया कि समिति के संस्थापक स्वर्गीय डॉक्टर आनंद के गंगवार की स्मृति में यह संगीत संध्या आयोजित की जा रही है । यह संगीत संध्या पवन डांगी और उनकी टीम द्वारा लाइव बैंड पर आयोजित होगी ।




कार्यक्रम जयपुर स्थित विद्याश्रम स्कूल के महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में शाम 5:30 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक आयोजित की जाएगी । संगीत प्रेमियों के लिए प्रवेश निःशुल्क है ।



# हिंदुस्तान स्काउट का दल राज्य स्तरीय कला कौशल शिविर के लिए रवाना

**उदयपुर (हमारा वतन)।** वल्लभनगर ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तारावट के हिंदुस्तान स्काउट दल को पांच दिवसीय राज्य स्तरीय कला कौशल शिविर के लिए रवाना किया। हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड राज्य मुख्यालय उदयपुर के तत्वावधान मे राज्य प्रशिक्षण केंद्र हाउसिंग बोर्ड गोवर्धन विलास उदयपुर मे आयोजित किया जा रहा है । इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य रोहित दवे, पंचायत समिति सदस्य सुरेश डांगी, एसएमसी/एसडीएमसी सदस्य भंवरलाल डांगी, संभाग सचिव हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड संभाग मुख्यालय उदयपुर मदन लाल वर्मा ने दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । स्काउट प्रभारी उदयसिंह गुर्जर के नेतृत्व में विद्यालय के दस स्काउट इस राज्य स्तरीय शिविर मे भाग लेंगे । इस दौरान वेणीराम गाडरी (भोपा), अनीता डांगी, पंकज शर्मा सहित विद्यालय के कई शिक्षक मौजूद रहे ।



# लिव इन रिलेशनशिप से विवाह संस्कार पतन की ओर- आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया

**जयपुर (हमारा वतन)।** मीरा चेरिटेबल ट्रस्ट, जयपुर द्वारा संचालित सेंटर फॉर पब्लिक अवेयरनेस एंड इनफॉरमेशन के डायरेक्टर आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया ने पिंक सिटी प्रेस क्लब जयपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया।

पत्रकार वार्ता में उन्होंने बताया कि आधुनिकता के नाम पर लिव इन रिलेशनशिप को कानूनी मान्यता देने से भारत की सांस्कृतिक, सामाजिक, वैवाहिक जीवन पद्धति तेजी से पतन के गर्त में जा रही है। भारत को फिर से विश्व गुरु बनाने और सुखी सभ्य समाज व्यवस्था जो पतनोन्मुखी हो गई है, उसको सुधारने हेतु एक देशव्यापी जन आंदोलन को आरम्भ किया है।

आचार्य सत्यनारायण ने अपने उद्बोधन में बताया कि रिश्ते कैसे होते हैं और कैसे बनाए जाते हैं। विवाह के प्रकार और विवाह व्यवस्था का अर्थ और महत्व स्पष्ट किया। लिव इन रिलेशनशिप को लागू करने के दुष्परिणाम विस्तार से बताए और इसमें पैदा होने वाले बच्चों का भविष्य कितना खराब होगा, यह जानकारी दी। लिव इन रिलेशनशिप की प्रथा की शुरुआत कैसे हुई, क्या-क्या कारण है, यह प्रथा समाज के लिए कितनी घातक है। यह जानकर पैरों तले जमीन सरक गई।

आचार्य सत्यनारायण ने अपने जीवन में सनातन धर्म के चारों आश्रमों का पालन किया है और 79 वर्ष की आयु में संन्यासी रहते हुए भी संगीत, गायन, वादन और कथक नृत्य के साथ ही समाज की सेवा में लगे हुए हैं। 2 मई 2025 को राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आयोजित Ageing with Dignity कार्यक्रम में भारत के राष्ट्रपति द्वारा उनको सम्मानित किया गया।

भगवान से उन्हें विपश्यना की गहरी समाधि की अवस्था में यह आदेश मिला कि लिव इन रिलेशनशिप को समाप्त कराना है और भारत की सांस्कृतिक, सामाजिक, वैवाहिक व्यवस्था को छिन्न-भिन्न होने से बचाने के लिए आंदोलन करने का उत्तरदायित्व उनको दिया। उन्होंने बताया कि यदि यह बीमारी महामारी की तरफ फैल रही है, समय रहते नहीं रोकी गई और समाप्त नहीं किया तो हमारे देश को बर्बादी से कोई नहीं रोक पाएगा।

पाटोदिया ने प्रधानमंत्री को एक पत्र लिखा है और एक कानून बनाकर लिव इन रिलेशनशिप की कानूनन मान्यता को समाप्त करने हेतु प्रार्थना की है। आपने भारत के सुप्रीम कोर्ट के 53वें मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत शर्मा को भी अपील की है कि आप अपने स्वविवेक से प्रसंज्ञान लेकर लिव इन रिलेशनशिप की कानूनी मान्यता को समाप्त करने का पुण्य कार्य करें।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में जयपुर संगीत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.राम शर्मा, मानव मिलन संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष प्रमोद जैन चौरड़िया, राजस्थान महासभा अध्यक्ष और राजस्थान जैन सभा के पूर्व अध्यक्ष कमल बाबू जैन, सर्व समाज जाग्रति संघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुरेश चंद शर्मा और आनंद फाउंडेशन की फाउंडर रुचि साधवानी ने भी अपने विचार व्यक्त किए और बताया कि लिव इन रिलेशनशिप समाज के लिए घातक है और तुरंत प्रभाव से इसकी मान्यता समाप्त कर दी जानी चाहिए।







## जॉब्स

1. स्टाफ सिलेक्शन कमिशन, पद कांस्टेबल जीडी, पद संख्या 25487, अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025
2. रेलवे रिक्रूटमेंट सेल, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 4116, अंतिम तिथि 24 दिसंबर 2025
3. उत्तर प्रदेश पुलिस रिक्रूटमेंट, पद होमगार्ड, पद संख्या 41424, अंतिम तिथि 17 दिसंबर 2025
4. डीएसएसएसबी, पद एमटीएस, पद संख्या 714, अंतिम तिथि 15 जनवरी 2026
5. डीआरडीओ सेप्टम 11, पद सीनियर टेक्नीशियन असिस्टेंट बी/टेक्नीशियन ए, पद संख्या 764, अंतिम तिथि 1 जनवरी 2026
6. संघ लोक सेवा आयोग, पद सीडीएस फर्स्ट, पद संख्या 451, अंतिम तिथि 30 दिसंबर 2025
7. संघ लोक सेवा आयोग, पद एनडीए एनए फर्स्ट, पद संख्या 394, अंतिम तिथि 30 दिसंबर 2025
8. केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस), पद प्रिंसिपल, टीजीटी, पीजीटी व अन्य, पद संख्या 2499, अंतिम तिथि 26 दिसंबर 2025

# सर्दियों में हॉट कोको पीने मिलते हैं जबरदस्त ये फायदे, शरीर-दिमाग रहता है मस्त-मस्त




हॉट कोको शरीर के मेटाबॉलिज्म को सक्रिय कर ऊर्जा बढ़ाने में सहायता करता है। इसमें मौजूद फ्लेवोनॉल्स ब्लड सर्कुलेशन को सुधारते हैं, जिससे दिमाग तक पर्याप्त ऑक्सीजन और पोषक तत्व पहुंचते रहते हैं। आइए आपको बताते हैं कोको पाउडर ड्रिंक के फायदे। सर्दियों के मौसम में जैसे-जैसे तपमान गिरता है, ठंड भी बढ़ने लगती हैं। इस मौसम में शरीर धीमा हो जाता है और दिमाग भी थोड़ा सुस्त सा महसूस करता है। इस दौरान एक गर्म कप हॉट कोको केवल स्वाद ही नहीं, बल्कि हेल्थ को बूस्ट करती है। कोको में मौजूद फ्लेवोनॉल्स, एंटी-ऑक्सीडेंट्स और अन्य कंपाउंड्स इसे एक ऐसा ड्रिंक बनाते हैं जो शरीर और दिमाग दोनों को ही अंदर से एनर्जी प्रदान करता है। कई स्टडीज में पाया गया है कि हॉट कोको केवल एक चॉकलेट ड्रिंक नहीं, बल्कि मेटाबॉलिज्म, हार्ट हेल्थ, ब्रेन फंक्शन और ओवरऑल वेलनेस को सपोर्ट करने वाला एक नेचुरल टॉनिक है। कोको पाउडर को पानी में घोलकर पीने से मेटाबॉलिजम सबसे बेहतर होता है। यह कॉलेस्ट्रॉल लेवल को सुधरता है और स्टेम सेल हेल्थ को भी सपोर्ट मिलता है। आप एक से दो चम्मच कोको पाउडर का सेवन कर सकते हैं। आइए आपको बताते हैं कोको पाउडर ड्रिंक के फायदे।

**ब्रेन और बॉडी के लिए क्यों फायदेमंद है हॉट कोको?**

हॉट कोको शरीर के मेटाबॉलिज्म को सक्रिय कर ऊर्जा बढ़ाने में सहायता करता है। इसमें मौजूद फ्लेवोनॉल्स ब्लड सर्कुलेशन को सुधारते हैं, जिससे दिमाग तक पर्याप्त ऑक्सीजन और पोषक तत्व पहुंचते रहते हैं। इसी कारण यह ड्रिंक मूड बेहतर करने, तनाव कम करने और ध्यान बढ़ाने में मददगार मानी जाती है। हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, कोको ड्रिंक दिल की सेहत, कोलेस्ट्रॉल के संतुलन और ब्लड शुगर नियंत्रण में भी फायदेमंद है। शोध बताते हैं कि नियमित रूप से कोको का सेवन करने से पेट और कमर की अतिरिक्त चर्बी घट सकती है और शरीर की बनावट में भी सुधार हो सकता है।


**कोको ड्रिंक पीने के फायदे**

- शुद्ध कोको में फ्लेवोनॉल्स होते हैं,इसका सेवन करने से मेटाबॉलिज्म बढ़ता है। यह दिल की सेहत बेहतर करता है और स्टेम सेल सपोर्ट में मदद मिलती है।
- कोको ड्रिंक पीने से टोटल कोलेस्ट्रॉल कम होता है। इसे पीने से बैड कोलेस्ट्रॉल कम होता है और गुड कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है।
- ब्लड ग्लूकोज को बेहतर तरीके से कंट्रोल करने में मदद मिलती है।
- अगर आप नियमित रुप से कोको ड्रिंक पीते हैं, तो बॉडी कंपोजिशन बेहतर होगा, कमर की चर्बी भी कम होगी और ओवरऑल वेलनेस में सुधार आएगा। कोको ड्रिंक पीने का सही तरीका
- हमेशा हाई-क्वालिटी, अनस्वीटेंड कोको पाउडर का ही उपयोग करें।
- एक कप गरम पानी में लगभग 2 चम्मच कोको पाउडर घोलें।
- इसमें चीनी न डालें या फिर कम मात्रा में हल्की चीनी डाल लें।
- कोको ड्रिंक में दूध की बजाय पानी बेहतर रहता है क्योंकि इससे कैलोरी कम होती हैं।
- इसको आप दिन में एक बार, खासकर सुबह



या दोपहर के समय लें, ताकि एनर्जी और फोकस दोनों बेहतर बने।

# बॉलीवुड चटकारा




## गौरी मैम के किरदार पर उठे सवाल पर एक्ट्रेस ने दिया जवाब, कहा, यहां ग्लैमर नहीं मिलेगा



आदित्य धर की फिल्म धुरंधर बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही है। कलेक्शन के मामले में यह फिल्म रिकॉर्ड तोड़ रही है। फिल्म के किरदारों को भी पसंद किया जा रहा है, लेकिन अब इसी फिल्म में रहमान डकैत की पत्नी का रोल प्ले करने वाली सौम्या टंडन, या पॉपुलर गौरी मैम, ने एक यूजर के कमेंट का जवाब दिया है, जिन्हें फिल्म में उनके किरदार का होना बेवजह लगा। सौम्या टंडन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फिल्म और अपने किरदार पर बात करते हुए यूजर को दो टूक जवाब दिया। यूजर ने सौम्या टंडन की फिल्म के स्क्रीनशॉट को शेयर कर लिखा, दोनों ही अभिनेत्रियां पुरुषों को थप्पड़ मारती हैं और वे कोई प्रतिक्रिया भी नहीं देते। इन दोनों महिलाओं ने तो धुरंधर भी नहीं देखी होगी, लेकिन हमेशा की तरह महिला कार्ड खेलने के लिए बेकार बातें कर रही है, जिसका फिल्म से कोई लेना-देना नहीं है। यूजर की कमेंट का जवाब देते हुए सौम्या टंडने ने लिखा, धुरंधर की कहानी जिस दुनिया में घटित होती है और निर्देशक ने जिस तरह के सामाजिक मानदंडों को दर्शाया है, वह पुरुष प्रधान दुनिया है, फिर भी महिलाओं के साथ गरिमापूर्ण व्यवहार किया जाता है। उन्हें पीटा नहीं जाता, वस्तु की तरह नहीं देखा जाता, और न ही उन्हें कई पत्नियों में से एक के रूप में दिखाया जाता है, जबकि उस समाज में ऐसा संभव हो सकता था।

उन्होंने आगे तंज कसते हुए लिखा, मुझे खेद है कि इस कहानी में ग्लैमरस तरीके से एक्ट्रेसेस को विदेशी समुद्र तटों पर डांस करते नहीं दिखाया गया। ये बाकी फिल्मों में चलता होगा, लेकिन इसमें नहीं। फिर भी, एक अभिनेत्री के रूप में, मैं आशा करती हूं कि मुझे भी महिला-केंद्रित कहानियों का हिस्सा बनने का मौका मिले।

सौम्या टंडन ने फिल्म धुरंधर में अक्षय खन्ना की पत्नी का रोल प्ले किया है, जो फिल्म में उन्हें थप्पड़ मारने से भी परहेज नहीं करती हैं। फिल्म में उनका रोल बहुत छोटा है, और उनके और अक्षय खन्ना के बीच में गजब की रोमांटिक केमिस्ट्री को दिखाया गया है। टीवी से निकलकर फिल्मों में कदम रखना ही उनके करियर का बड़ा टर्निंग पॉइंट है, और अब वे और अच्छे रोल की तलाश में भी हैं।

## फ्लॉप फिल्म देने के बाद भी चल निकला किमी काटकर का करियर



80 और 90 के दशक में अपनी बोल्डनेस और खूबसूरती की वजह से पर्दे पर राज करने वाली अभिनेत्री किमी काटकर सभी को याद होंगी। उन्हें हिंदी सिनेमा ने टार्जन गर्ल का नाम दिया था। अभिताभ बच्चन की फिल्म हम में उन्होंने जुम्मा सॉन्ग किया था, जिसके बाद उन्हें इसी नाम से पुकारा जाने लगा। हिंदी सिनेमा में शोहरत और नाम कमाने के बाद भी एक्ट्रेस आज गोवा में गुमनाम जिंदगी जी रही हैं। किमी काटकर अपने समय की बड़ी अभिनेत्रियों में से एक थीं, जिन्होंने उस समय के लगभग हर बड़े अभिनेता के साथ काम किया था। उन्होंने शत्रुघ्न सिन्हा, गोविंदा, रजनीकांत, चंकी पांडे, जितेंद्र, धर्मेंद्र, और अनिल कपूर जैसे बड़े स्टार्स के साथ पर्दे पर काम किया। किमी काटकर का जन्म 11 दिसंबर 1965 को हुआ था। उन्होंने 20 साल की उम्र में फिल्मों में काम करना शुरू किया। एक्ट्रेस ने साल 1985 में फिल्म पत्थर दिल से इंडस्ट्री में कदम रखा। फिल्म हिट रही, लेकिन सहायक भूमिका की वजह से उन्हें पहचान नहीं मिल पाई। इसी साल रिलीज हुई फिल्म एडवेंचर्स ऑफ टार्जन ने एक्ट्रेस को रातों-रात फेमस कर दिया। फिल्म में किमी ने बोल्ड सीन दिए और बिकिनी पहनने से भी परहेज नहीं किया। उनकी फिल्म एडवेंचर्स ऑफ टार्जन फ्लॉप रही, लेकिन फिल्म ने उन्हें इंडियन टार्जन गर्ल का टाइटल दिलाया।फ्लॉप देने के बाद भी एक्ट्रेस की झोली में बैक टू बैक फिल्में रहीं। वे 80 से 90 के दशक की सबसे बिजी अभिनेत्री के तौर पर जानी जाने लगीं।

उनके लिए साल 1988-1990 बेहतरीन रहा, क्योंकि इन तीन सालों में उन्होंने 35 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। इतना ही नहीं, साल 1989 में उन्होंने 15 फिल्मों में काम किया और उनकी लगभग हर फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया।

## आलिया भट्ट ने रेड सी अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में की शिरकत



बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री आलिया भट्ट इन दिनों अपनी फिल्मों को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। उनकी एक्शन ड्रामा फिल्म अल्फा जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसी बीच अभिनेत्री ने हाल ही में रेड सी अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में शिरकत की, जिसकी तस्वीरें और वीडियो उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर की। वीडियो में आलिया आयोजन में सभी से मिलती और लोगों से बातचीत करती दिख रही हैं। उन्होंने पोस्ट कर लिखा, जेद्दा में एक दिन, फिल्मों के जादू का जश्न मनाते हुए। पोस्ट शेयर करने के बाद आलिया के दोस्तों, मां और साथी कलाकारों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और कमेंट सेक्शन में प्यार और शुभकामनाओं की बौछार कर दी। कई लोगों ने हार्ट और फायर के इमोजी कमेंट किए। सोनिया राजदान, शरवारी और टीना दत्ता ने हार्ट इमोजी के साथ तुरंत प्रतिक्रिया दी।अभिनेत्री आलिया भट्ट जल्द ही बहुचर्चित एक्शन-स्पाई थ्रिलर अल्फा में शरवारी के साथ नजर आएंगी। फिल्म को क्रिसमस के मौके पर रिलीज किया जाना था, लेकिन कुछ वजह से मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट 17 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज कर दी। यह फिल्म यशराज फिल्म्स की बहुचर्चित स्पाई थ्रिलर (जासूसी फिल्म) है, जिसे शिव रावैल ने निर्देशित किया है। फिल्म में आलिया और शरवारी एक्शन अवतार में देखने को मिलेंगी। फिल्म में आलिया और शरवारी के अलावा, अनिल कपूर और बॉबी देओल भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। यह यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की सातवीं फिल्म होगी। ऐसा पहली बार होगा जब स्पाई यूनिवर्स में एक महिला प्रधान कहानी को दिखाया जाएगा। इस यूनिवर्स की शुरुआत सलमान खान और कैटरीना कैफ की टाइगर से हुई थी।

टिकिट

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## सम्पादकीय.....

# प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ता भारत

इसी साल तमिलनाडु के किसानों का एक समूह मुझसे मिलने आया। बातचीत के दौरान उन किसानों ने खेती में उत्पादकता व निरंतरता बढ़ाने के लिए वे कैसे नई-नई तकनीक अपना रहे हैं, इसके बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कोयंबटूर में प्राकृतिक खेती पर आयोजित एक सम्मेलन का मुझे न्योता दिया। न्योता स्वीकार करते हुए मैंने उनसे वादा किया कि मैं अवश्य आपके बीच आऊंगा। इसलिए, 19 नवंबर को मैं 'साउथ इंडिया नेचुरल फार्मिंग समिट 2025' में शामिल होने के लिए मनोरम शहर कोयंबटूर में था। एक ऐसा शहर, जिसे एमएसएमई की रीढ़ माना जाता है, प्राकृतिक खेती पर एक बड़े सम्मेलन की मेजबानी कर रहा था। जैसा कि हम सब जानते हैं,


राम गोपाल सैनी

प्राकृतिक खेती भारत की पारंपरिक ज्ञान प्रणाली और आधुनिक पारिस्थितिकीय सिद्धांतों से प्रेरित है, ताकि कृत्रिम रसायनों के इस्तेमाल के बिना फसलें उगाई जा सकें। यह प्रणाली अलग तरह के खेतों को बढ़ावा देती है, जिनमें पेड़-पौधे और जानवर एक साथ रहते हैं, ताकि प्राकृतिक जैव-विविधता को मदद मिल सके। यह तरीका कृषि अपशिष्ट को रीसाइकिल करने और मल्चिंग व एरेशन (खर-पतवार की परत से खुली मिट्टी को ढकने व छोटे-छोटे छेदों के जरिये जड़ों तक हवा-पानी पहुंचाने की विधि) के जरिये मिट्टी की सेहत को बेहतर बनाने पर आधारित है।कोयंबटूर का वह सम्मेलन हमेशा मेरी यादों का हिस्सा रहेगा! इसने मुझे बताया कि हमारे किसानों की सोच में, उनकी कल्पनाओं में और उनके आत्मविश्वास में जबर्दस्त बदलाव आया है और इनकी सहायता से हमारे किसान और कृषि उद्यमी खेती-किसानी का भविष्य संवार रहे हैं। इस सम्मेलन में तमिलनाडु के किसानों के साथ बातचीत करने का मौका भी मिला। प्राकृतिक खेती के लिए वे जैसी कोशिशें कर रहे हैं, उनको सुनकर मैं हैरान रह गया!

# पशुधन सहायक रामचंद्र यादव को मिलेगा एशिया कॉन्टिनेंट अवार्ड 2025

**जयपुर (हमारा वतन)।** ग्राम पंचायत घिनोई निवासी पशुधन सहायक और सचिव नई ढाणी दूध उत्पादक महिला सहकारी समिति रामचंद्र यादव को एशिया कॉन्टिनेंट अवार्ड 2025 दिया जाएगा ।

25 देशों का समर्थन प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच और इंडो नेपाल ऑर्गेनाइजेशन द्वारा देश-विदेश की प्रतिभाओं का महासम्मेलन के उपलक्ष्य में भारत की और से सम्मिलित होने पर भारत के पड़ोसी देश नेपाल की राजधानी काठमांडू में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय महाकुंभ में नेपाल सरकार के उपराष्ट्रपति न्यायमूर्ति परमानंद झा



और भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में जापान के राजदूत डॉ.विष्णु हरि सहित 25 देश के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री भारत सरकार स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जयंती महोत्सव पर 28 व 29 दिसंबर 2025 को भारत निर्माण के सहयोग कर्मस्थली से विकास की और ले जाने वाले और उत्कृष्ट कार्य करने वाले भारत के 51 प्रतिभाओं को इंटरनेशनल अवार्ड (एशिया कॉन्टिनेंट अवार्ड 2025) देकर सम्मानित किया जाएगा। यादव को पूर्व में भी मंच द्वारा विजय श्री अवार्ड 2025 दिया जा चुका है ।

# हैदराबाद में होगा IIFA उत्सवम 2026 का आयोजन

**तेलंगाना (हमारा वतन)**

IIFA पुरस्कार पिछले 25 वर्षों से हिंदी फिल्म उद्योग का अभिन्न अंग रहे हैं। यह एक ऐसा समारोह है जो विदेशों में आयोजित होता है और बॉलीवुड के बड़े-बड़े सितारों को एक मंच पर लाता है। कनाडा से लेकर एम्स्टर्डम, दक्षिण अफ्रीका और अबू धाबी तक, मेजबान बदलते रहते हैं लेकिन भावना वही रहती है। अब हमारे पास IIFA उत्सवम भी है, जो भारत में उद्योग के सर्वश्रेष्ठ कलाकारों को सम्मानित करता है। पिछली बार यह समारोह जयपुर में आयोजित हुआ था और 2026 के लिए इसका आयोजन स्थल हैदराबाद है। तेलंगाना सरकार ने इसके लिए IIFA के साथ साझेदारी की है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए कहा, तेलंगाना राइजिंग ग्लोबल समिट 2025 के बाद, जो दुनिया को सहयोग, नवाचार और भविष्य के लिए तैयार राज्य के निर्माण में मदद करने का हमारा निमंत्रण है, तेलंगाना भारत के सबसे प्रभावशाली सांस्कृतिक संस्थानों में से एक, IIFA के साथ एक परिवर्तनकारी साझेदारी की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहा है। तेलंगाना भारत का सबसे युवा राज्य है और असाधारण अवसरों से भरा हुआ है, और आज हम पहले से कहीं अधिक आश्वस्त हैं क्योंकि वैश्विक साझेदार और हितधारक इस यात्रा में हमारे साथ जुड़ रहे हैं। रेड्डी ने आगे कहा, तेलंगाना वैश्विक साझेदारों, फिल्म निर्माताओं, रचनाकारों और निवेशकों का स्वागत करने के लिए तैयार है । IIFA 2026 के माध्यम से, हम तेलंगाना की कहानी को दुनिया तक पहुंचाएंगे, और 2026 से 2028 तक हैदराबाद में आयोजित IIFA उत्सवम के माध्यम से, हम दुनिया को अपने राज्य में वापस लाएंगे। लगातार तीन वर्षों तक IIFA उत्सवम की मेजबानी करके, हमारा लक्ष्य दक्षिण भारत की सांस्कृतिक राजधानी और फिल्म आधारित पर्यटन और रचनात्मक अर्थव्यवस्था के लिए एक उभरते वैश्विक केंद्र के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करना है। गौरतलब है कि 25वां अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार, जिसे IIFA के नाम से भी जाना जाता है, 8-9 मार्च 2025 को जयपुर के जयपुर प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र में आयोजित किया गया था।



# भारतीय भाषा उत्सव के तहत विद्यार्थियों ने किया राष्ट्रीय एकता का प्रदर्शन

**रुड़की (हमारा वतन)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिझौली में कार्यक्रम के संयोजक शिक्षक अशोक पाल सिंह के नेतृत्व में भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम मनाया जा रहा है । शिक्षक अशोक पाल सिंह ने बताया कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने चार्ट पेपर पर भारतीय कहावतें और राष्ट्रीय एकता को दर्शाया। चार्ट पेपर पर दर्शाया कि अकेला व्यक्ति कुआं नहीं खोद सकता, अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता, एक और एक मिलकर 11 होते हैं, ऐसी कहावतें शक्ति, प्रभाव और क्षमता का प्रतीक है । संगठन में ही शक्ति है। भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भारतीय भाषाओं को शामिल किया गया है । इसके अतिरिक्त भारत के प्रत्येक क्षेत्र में क्षेत्रीय भाषा, स्थानीय भाषा शामिल है । इस दौरान एसके सैनी, इसराना, प्रतिभा, जितिन शर्मा, पिंकी, आफरीन ,आरती, पायल ,शामिया ,साना, शिव, वंशिक, अपूर्वा, सादिक, वंश, हरीश, ऋतिक, कृष्ण आदि लोग शामिल रहे।







# होटल जीएल पैलेस एंड रेस्टोरेंट का हुआ भव्य शुभारंभ

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूँ शहर के रींगस रोड, अग्निशमन केंद्र के सामने होटल जीएल पैलेस एंड रेस्टोरेंट का भव्य शुभारंभ अंजनी हनुमान धाम के महंत हरिकृष्ण दास ग्वालिया बाबा ने फीता काटकर किया और संचालक को उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया । होटल के डायरेक्टर ग्यारसी लाल सैनी ने बताया कि हमारे यहां पर फैमिली के ठहरने के लिए एसी और नॉन एसी रूम की आरामदायक सुविधा रहेगी । मैनेजर शिव प्रकाश सैनी और व्यवस्थापक हेमंत सैनी ने बताया कि रेस्टोरेंट में स्वादिष्ट खाने और चाय, कॉफी की व्यवस्था भी रहेगी । होटल संचालकों ने सभी अतिथियों का साफा, माला और दुपट्टा पहनाकर स्वागत सम्मान किया । शुभारंभ के अवसर पर नगर परिषद सभापति विष्णु कुमार सैनी, चौमूं थाना अधिकारी प्रदीप शर्मा, जय नारायण चंदेल, पूर्व अध्यक्ष गोविंद नारायण सैनी, प्रह्लाद सहाय अधोपिया, रामेश्वर प्रसाद सिंगोदिया, सूरजमल ठेकेदार, लल्लू राम सैनी सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे ।



RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।